an>

Title: Regarding opening a cancer hospital at Banda, Chitrakoot.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : सभापति जी, आज देश में कैंसर एक भयानक महामारी के रूप में फैल रहा है। जगह-जगह बड़ी संख्या में कैंसर के रोगी मिल जाते हैं। यह एक ऐसी समस्या है कि अधिकतर अंतिम स्टेज पर पता लगता है। प्रथम और द्वितीय स्टेज तक तो थोड़ा बहुत थैरेपी से ठीक हो जाते हैं, लेकिन अंतिम स्टेज पर लोगों को भारी असह्य शारीरिक और मानसिक पीड़ा होती है और लोग आर्थिक रूप से हर प्रकार से टूट जाते हैं। उनके घर-परिवार भी तबाह हो जाते हैं। केन्द्र सरकार ने उनकी सहायता के कई उपाय तो किये हैं, लेकिन वे नाकाफी साबित हो रहे हैं।

<u>20.00 hrs</u>

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसकी रोकथाम के पर्याप्त उपाय करने व मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा चित्रकूट में एक कैंसर हॉस्पिटल यथाशीघ्र खोलने हेतु निर्देश देने व बजट एलाट कर स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें। साथ ही कैंसर रोगियों के नःशुल्क इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।